मथुरा पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

दिनांक 02.10.2025 **प्रेस नोट** **थाना – महावन**

थाना महावन पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल रेहडी लगी हुई, तख्ता, रस्सा, लोहे का पाइप के गिरफ्तार किया गया।

थाना महावन पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 02.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना महावन पर पंजीकृत मु0अ0स0 246/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस में प्रकाश में आये **अभियुक्तगण (1) उमेश पुत्र विजेन्द्र निवासी कारब थाना महावन जनपद मथुरा (2) छोटू उर्फ हरीशचन्द्र पुत्र महीपाल निवासी कारब थाना महावन जनपद मथुरा** को बल्देव महावन रोड पर खप्परपुर की तरफ जाने बाले रास्ते के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल रेहडी लगी हुई, तख्ता, रस्सा, लोहे का पाइप के साथ किया गिरफ्तार। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग में आवश्यक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

घटना का सक्षिप्त विवरण:- दिनांक 22.09.2025 को वादी मुकदमा द्वारा थाना महावन पर उपस्थित आकर एक प्रार्थना पत्र दिया कि रात में एस.वी.एस. इन्टरनेशनल अकेडमी से 500 मीटर आगे एक व्यक्ति अज्ञात उम्र करीब 30 वर्ष जिसके सिर व शरीर में चोटे हैं, उक्त व्यक्ति का शव किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारकर बबूल की झाड़ियो में छुपा दिया है मृतक अज्ञात का शव झाड़ियां के किनारे पड़ा हुआ है। वादी मुकदमा के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 246/25 धारा 103(1)/238 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया। उक्त घटना के अनावरण हेतु टीम गठित की गयी। घटना के अनावरण हेतु महावन पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानो के सीसीटीवी कैमरो के अवलोकन आदि साक्ष्य संकलन से उक्त अभियोग में **अभियुक्तगण (1) उमेश पुत्र विजेन्द्र निवासी कारब थाना महावन जनपद मथुरा (2) छोटू उर्फ हरीशचन्द्र पुत्र महीपाल निवासी कारब थाना महावन जनपद मथुरा** के नाम प्रकाश में आये। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक- 22.09.2025 की रात में गांव कारब के पास में शराब के ठेके के सामने अभियुक्तगण उपरोक्त का झगडा मृतक राजकुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी गाँव अधकटा थाना बरखेडा जिला पीलीभीत के साथ शराब के लिए पैसे माँगने को लेकर झगडा हो गया था और मारपीट भी की थी। कुछ देर बाद उक्त दोनो अभियुक्तगण, राजकुमार (मृतक) को मोटर साइकिल में लगी रेहडी में बैठाकर एस.वी.एस एकेडेमी की तरफ जाने बाले चकरोड से खेतो के बीच में खाली जगह पर ले गये थे। राजकुमार (मृतक) काफी नशे में था उक्त दोनो अभियुक्तगण ने रेहडी में रखे रस्से से राजकुमार (मृतक) के दोनो हाथो को बाँध दिया और दोनो ने रेहडी में लगे तख्ते व रोड/लोहे का पाइप से राजकुमार(मृतक) के सिर, दोनो पैरो व शरीर पर भी जोर-जोर से वार किया जिससे राजकुमार (मृतक) वही गिर गया और मर गया। उक्त दोनो अभियुक्तगण द्वारा राजकुमार (मृतक) के पहने काली रंग की कमीज और मटमैले रंग का तौलिया को उतार लिया और अपनी रेहडी लगी मोटर साइकिल से गंग नहर में फैक दिया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता:-

1.उमेश पुत्र विजेन्द्र निवासी कारब थाना महावन जनपद मथुरा।
2.छोटू उर्फ हरीशचन्द्र पुत्र महीपाल निवासी कारब थाना महावन जनपद मथुरा।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

बल्देव महावन रोड पर खप्परपुर की तरफ जाने बाले रास्ते के पास से, दिनांक 02.10.2025 समय 02.00 बजे।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त उमेश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास का विवरणः-

1.मु0अ0सं0 246/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना महावन जनपद मथुरा।

2.मु0अ0सं0 167/24 धारा 354 (क)/506 आईपीसी व 7/8 पोक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट थाना महावन जनपद मथुरा।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त छोटू उर्फ हरीशचन्द्र उपरोक्त का आपराधिक इतिहास का विवरणः-

मु0अ0सं0 246/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना महावन जनपद मथुरा।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरणः-

1.एक मो0सा0 बजाज डिस्कवर नं0 UP 85 Q 6258 चैसिस नं0- MD2DSDXZZNAK64018 व इंजन नं0- DXEBNK59732 रेहडी लगी हुई।

2.एक तख्ता।

3.एक लोहे का पाइप/रॉड।

4.एक रस्सा।

अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1-प्र0नि0 सुधीर सिंह थाना महावन जनपद मथुरा।

2-व0उ0नि0 ध्यानवीर सिंह थाना महावन जनपद मथुरा।

3-उ0नि0 विकास शर्मा प्रभारी सर्विलांन्स सेल जनपद मथुरा।

4-उ0नि0 अरविन्द कुमार थाना महावन जनपद मथुरा।

5-उ0नि0 विषय कुमार थाना महावन जनपद मथुरा।

6-उ0नि0 अमित कुमार त्यागी थाना महावन जनपद मथुरा।

7-उ0नि0 लोकेश कुमार थाना महावन जनपद मथुरा।

8-है0का0 1044 हरवीर सिंह सर्विलांन्स जनपद मथुरा।

9-है0का0 1201 राघवेन्द्र सर्विलांन्स सैल जनपद मथुरा।

10-है0का0 744 देवेन्द्र कुमार थाना महावन जनपद मथुरा।

11-हे0का0 557 लवकुश थाना महावन जनपद मथुरा।

12-है0का0 764 दिनेश कुमार थाना महावन जनपद मथुरा।

13-हे0का0 1575 ओमकार थाना महावन जनपद मथुरा।

14-का0 1105 सुदीप कुमार थाना महावन जनपद मथुरा।